समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 26 September 2026

# भीषण गर्मी मे दौड़ती बस बनी आग का गोला, खाजूवाला मे बड़ा हादसा टला।

Publisher Published on 14 Jun 2025




## AC बस मे लगी भीषण आग, चालक की सतर्कता से बचीं कई जाने, सभी सवारी सुरक्षित।

सवांदाता,खाजूवाला,बीका
नेर,राजस्थान

**खाजूवाला,बीकानेर,राजस्थान :** राजस्थान में **भीषण गर्मी** के बीच एक बड़ा हादसा टल गया, जब **खाजूवाला क्षेत्र के 28 KJD** के पास एक दौड़ती एसी बस में अचानक आग लग गई। बस में बैठे दर्जनों यात्री उस वक्त बाल-बाल बच गए जब बस परिचालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते सभी यात्रियों को बस से सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस में **अचानक शॉर्ट सर्किट** हुआ और **चिंगारियां उठीं**, जिसके बाद पूरी बस ने देखते ही देखते आग का भयावह रूप धारण कर लिया। कुछ ही पलों में पूरी बस आग के गोले में तब्दील हो गई। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी।

### आग से दहशत, लेकिन समय रहते मिली राहत

बस में सवार यात्रियों ने बताया कि जैसे ही धुआं उठने लगा, **चालक** और प**रिचालक** ने बस को किनारे रोका और सभी यात्रियों को उतरने के निर्देश दिए। बस में आग लगते ही चारों ओर अफरा-तफरी मच गई लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई।

स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और प्रारंभिक जांच में **शॉर्ट सर्किट** को हादसे का कारण माना जा रहा है।

### गर्मी का कहर बढ़ा रहा खतरा

**राजस्थान** में तापमान लगातार **47 डिग्री** के पार जा रहा है, जिससे **इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** और **वाहनों** पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए वाहनों की नियमित जांच और रखरखाव बेहद जरूरी है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.